आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 03.04.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- राज्यसभा में वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 को विचार और पारित करने के लिए पेश किया गया।
- वित्तमंत्री ने कहा– पी पी एफ खातों के लिए नामित व्यक्तियों में किसी तरह के बदलाव पर शुल्क नहीं लगेगा ।
- केंद्र सरकार की एकीकृत पेंशन योजना द्वीपसमूह में एक अप्रैल से लागू हो गई है।
- द्वीपसमूह में डिजिटल एग्रीकल्चर पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी।

<><><><><><><>

राज्यसभा में वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 को विचार और पारित करने के लिए पेश किया गया। इस विधेयक का उद्देश्य विरासत स्थलों की सुरक्षा और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के प्रावधानों के साथ वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को सुव्यवस्थित करना है। इस कानून का उद्देश्य संपत्ति प्रबंधन में पारदर्शिता बढ़ाकर, वक्फ बोर्डों और स्थानीय अधिकारियों के बीच समन्वय को सुव्यवस्थित करना और हितधारकों के अधिकारों की रक्षा कर शासन में सुधार करना है। लोकसभा ने कल वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 पारित कर दिया।

<><><><><><><>

वित्त मंत्रालय ने सरकारी बचत संवर्धन सामान्य नियम–2018 में संशोधन को अधिसूचित कर दिया है। इसके तहत सार्वजनिक भविष्य निधि–पीपीएफ खातों के लिए नामित व्यक्तियों में किसी तरह के बदलाव पर लगने वाला शुल्क हटाया गया है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि सरकारी बचत संवर्धन सामान्य नियम–2018 में गजट अधिसूचना के माध्यम से आवश्यक बदलाव कर दिये गये हैं। अधिसूचना के अनुसार नामित व्यक्ति का नाम हटाने या बदलने पर लगने वाला पचास रूपये का शुल्क हटा दिया गया है। यह संशोधन दो अप्रैल से लागू हो गया है।

<><><><><><><>

फरारगंज में 'एक व्यापक ब्लॉक पंचायत विकास योजना बनाने की रणनीति' पर केंद्रित ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य प्रतिभागियों को ब्लॉक पंचायत विकास योजना को प्रभावी ढंग से विकसित करने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करना था। इस अवसर पर ग्रामीण विकास निदेशालय की विशेषज्ञ सुनीता दास ने बीपीडीपी बनाने में शामिल आवश्यक कदमों पर चर्चा का नेतृत्व किया। मीठाखाड़ी के प्रधान मोहम्मद सफीक ने ग्राम पंचायत विकास योजना और बीपीडीपी की तैयारी के दौरान आने वाली कुछ चुनौतियों पर महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि साझा की।

कार्यक्रम में सी.डी. ब्लॉक, फरारगंज की खंड विकास अधिकारी ललिता तिग्गा ने डिजिटल शासन को बढ़ावा देने में प्रशिक्षण पहल के महत्व पर जोर दिया।

<><><><><><><>

केंद्र सरकार की एकीकृत पेंशन योजना–यूपीएस एक अप्रैल से लागू हो गई है। ये योजना केंद्र सरकार के सभी कर्मचारियों पर लागू होगी, जिसमें अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के कर्मचारी भी शामिल है। मुख्य वेतन तथा लेखा कार्यालय ने कहा है कि मौजूदा कर्मचारी जो पहली अप्रैल से पहले एन पी एस में शामिल थे, उन्हें तीन महीने के भीतर यू पी एस को चुनना अनिवार्य होगा। नवनियुक्त कर्मचारी, जो एक अप्रैल दो हजार पच्चीस या उसके बाद सेवा में शामिल होंगे, उन्हें तीस दिनों के भीतर यू पी एस में नामांकन करना होगा। सेवानिवृत्त कर्मचारी, जो इक्कतीस मार्च दो हजार पच्चीस तक स्वैच्छिक या अन्य रूप से सेवानिवृत्त हुए हैं, उन्हें एक अप्रैल दो हजार पच्चीस से तीन महीने के भीतर विकल्प चुनना होगा। मृत सेवानिवृत्त कर्मचारी के विधिक जीवनसाथी, यदि सेवानिवृत्त के बाद कर्मचारी ने यू पी एस का विकल्प नहीं चुना था, उन्हें भी एक अप्रैल दो हजार पच्चीस से तीन महीनों के भीतर अपना विकल्प देना होगा। प्रशासन के सभी

एन पी एस के अंतर्गत आने वाले कर्मचारियों से तीन महीने के भीतर एकीकृत पेंशन योजना को चुनने को कहा है।

<><><><><><><>

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से कृषि क्षेत्र की दक्षता और आधुनिक तकनीक की पहुंच को बढ़ाने के लिए द्वीपसमूह में डिजिटल एग्रीकल्चर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कृषि निदेशालय में आयोजित इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्‌घाटन कृषि निदेशक डॉ. अपूर्वा शर्मा ने किया। उन्होंने डिजिटल कृषि मिशन के महत्व पर प्रकाश डाला और इसे किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। एग्रीस्टेक के केन्द्रीय परियोजना निगरानी इकाई के प्रखर अवस्थी ने डिजिटल एग्रीकल्चर पर जानकारी दी।

इस दौरान दक्षिण अंडमान के चार गांवों में डिजिटल फसल सर्वेक्षण भी किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर कृषि सहायक निदेशक नवाशक्ति के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि, राजस्व विभाग और सॉवटेक के सोलह प्रशिक्षक भाग ले रहे हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस ने नॉर्थ सेंटिनल द्वीप के अनाधिकृत दौरे के लिए एक अमेरिकी नागरिक को गिरफ्तार किया है। जांच से पता चला कि चौबीस वर्षीय मिखाइलो विक्टरोविच पोल्याकोव ने सेंटिनली जनजाति के साथ बातचीत करने के प्रयास में प्रतिबंधित नॉर्थ सेंटिनल द्वीप का दौरा किया था। उनके कार्यों ने सेंटिनली लोगों की सुरक्षा और कल्याण के लिए एक गंभीर खतरा पैदा कर दिया, जिनका बाहरी लोगों के साथ संपर्क उनके स्वदेशी जीवन शैली की रक्षा के लिए कानून द्वारा सख्त वर्जित है। पूछताछ में मिखाइलो ने बताया कि वह रोमांच के प्रति अपने जुनून और चुनौतियों का सामना करने की इच्छा के कारण इस द्वीप पर आकर्षित हुआ था। इस गिरफ्तारी की सूचना विदेश मंत्रालय और अमेरिकी दूतावास को दे दी गई।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में यातायात पुलिस की ओर से सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के चलते विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मार्च महीने में कुल एक हजार छः सौ तैंतीस वाहनों के लिए विभिन्न यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की गई। इनमें शराब पीकर गाड़ी चलाने के एक सौ पचपन मामले शामिल हैं। इसके अलावा, बिना हेलमेट के वाहन चलाने के लिए बयालीस, टिंटेड फिल्म का इस्तेमाल करने वाले चवालीस और तेईस अवैध वाहन संशोधन के मामले सामने आए, जिन पर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस ने आम जनता से यातायात नियमों का पालन करने, जिम्मेदारी से वाहन चलाने और सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की है। उन्होंने लोगों से कहा है कि उल्लंघनकर्ताओं की फोटो और वीडियो पुलिस के अधिकारिक व्हाट्सऐप नम्बर 9531892228 पर साझा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक लांग आइलैंड में चौदह दशमलव दो मिलीमीटर, ननकौड़ी में दस दशमलव दो, हटबे में छः और कार निकोबार में दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। कल के लिए मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के एकाध स्थानों पर गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है ।

<><><><><><><>